1. विश्व थिएटर दिवस

प्रतिवर्ष 27 मार्च को 'विश्व थिएटर दिवस (WTD)' मनाया जाता है। यह दिवस विश्व स्तर पर मंच की शक्ति पर ध्यान आकर्षित करता है। यह दिवस कला महत्त्व को उजागर करता है और हमें आगे बढ़ना, मनोरंजन करना, सिखना और वक्त के साथ बदलना आदि सिखाता है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु:

- 'विश्व थिएटर दिवस' की शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (ITI) द्वारा वर्ष 1961 में की गई थी।
- अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान, कला प्रदर्शन के लिए वैश्विक संस्था है।
- थिएटर के मूल्य और महत्त्व को समझने वाले लोगों के लिए यह दिवस एक उत्सव की तरह है।
- यह दिवस सरकारों, राजनेताओं और संस्थानों आदि के लिए जागरूक अभियान की तरह कार्य करता है।

2. रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH)

RBiH
Reserve Bank Innovation Hub

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बेंगलुरु में रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) का उद्घाटन किया है। इस हब का कार्य वित्तीय समावेशन की दिशा में कार्य करने के साथ देश के वित्तीय क्षेत्र में विश्व स्तरीय नवाचार लाना है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु:

- रिजर्व बैंक इनोवेशन हब को प्रारंभिक पूंजी योगदान के रूप में RBI की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की तरह स्थापित किया गया है।
- इसकी स्थापना वित्तीय क्षेत्र में एक स्थायी तरीके से नवाचारों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए की गई है।
- RBIH के लिए एक स्वतंत्र बोर्ड का गठन किया गया है। एस. गोपालकृष्णन को इस बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है।
- RBI की यह पहल इसे कुछ चुनिंदा वैश्विक केंद्रीय बैंकों में शामिल करती है।
- इस हब का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है, जो देश में निम्न आय वर्ग की आबादी के लिए विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं तक पहुँच को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

3. राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस की घोषणा

हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने प्रतिवर्ष 5 अक्टूबर को 'राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस' मनाने की घोषणा की है। अब इस वर्ष से यह दिवस हर साल राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा। डॉल्फ़िन का संरक्षण अत्यंत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह एक स्वस्थ जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के एक आदर्श संकेतक के रूप में कार्य करती है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु:

- इस दिवस को नामित करने का निर्णय National Board For Wildlife (NBWL) की स्थायी समिति ने लिया।
- यह दिवस गंगा डॉल्फिन सहित अन्य सभी डॉल्फिन के संरक्षण पर जागरूकता पैदा करेगा और डॉल्फ़िन के संरक्षण के लिए लोगों की भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- यह दिवस गंगा और सहायक नदियों की पानी की गुणवत्ता और प्रवाह में सुधार के लिए को लोगों को प्रेरित करेगा।
- International Union For The Conservation Of Nature Red List के तहत गंगा डॉल्फिन को लुप्तप्राय प्रजातियों की सूची में शामिल किया गया है।

4. 'भारत भाग्य विधाता' कार्यक्रम

लाल किला महोत्सव – भारत भाग्य विधाता कार्यक्रम दिनांक 25 मार्च से 3 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। यह 17वीं शताब्दी में बने प्रतिष्ठित लाल किले से संबंधित है। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य

सम्मूचे विश्व को भारत केंद्रित मूल्यों से परिचित कराना है। यह देश की परम्पराओं व संस्कृति को उजागर करता है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु:

- इस कार्यक्रम के आयोजन का विचार लाल किले के स्मारक मित्र, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और डालमिया भारत लिमिटेड ने दिए हैं।
- संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से इस 10 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- इस वर्ष यह कार्यक्रम 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत आयोजित किया गया है।
- यह कार्यक्रम देश के इतिहास और विरासत से संबंधित विभिन्न विषयगत सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला, व्यंजन, संस्कृति आदि को प्रदर्शित करेगा।

5. मंगलुरु कम्बाला का आयोजन

हाल ही में दिनांक 26 और 27 मार्च को गोल्डफिंच सिटी के मैदान, बांगरा कुलूर में वार्षिक मंगलुरु कम्बाला का आयोजन किया गया। इस वर्ष मंगलुरु कम्बाला के पाँचवें संस्करण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष नवंबर माह में होता है लेकिन COVID-19 प्रतिबंधों के कारण यह मार्च में आयोजित किया गया।

महत्त्वपूर्ण बिंदु:

- यह कर्नाटक में हर साल आयोजित होने वाली सांडों की रेस है।
- इस सांड रेस का आयोजन दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में स्थानीय तुलुवा जमींदारों द्वारा किया जाता है।
- धान के खेतों में कीचड़युक्त जमीन पर इस रेस का आयोजन किया जाता है।
- इस वर्ष के कार्यक्रम में 150 जोड़ी सांड ने भाग लिया जबकि पिछले साल 148 जोड़ी सांडों ने हिस्सा लिया था।
- कर्नाटक के तटीय क्षेत्र में हर साल 45 से ज्यादा दौड़ आयोजित की जाती है।

*****